स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय : नगर निगम मथुरा–वृन्दावन, मथुरा

पत्र संख्या : 883/ओएसडी/न0नि0म0वृ0–मथुरा/2021–22, दिनांक : 16-8-2021

अति अल्पकालीन ऑफ लाईन निविदा सूचना

नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम मथुरा–वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत 28.08.2021 से 01.09.2021 तक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व हेतु 05 दिवस के लिये 50 मोबाईल टॉयलेटों की सफाई हेतु 150 सफाई श्रमिकों की आपूर्ति के लिये अति अल्पकालीन सील बन्द निविदा निम्नलिखित शिड्यूल के अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र समाचार पत्र में प्रकाशन होने के उपरान्त दिनांक 17.08.2021 पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 20.08.2021 दोपहर 12.00 बजे तक नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के सिटी जोन में जोनल स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में रखे सीस्ड निविदा बॉक्स में डाली जायेगीं तथा दिनांक 20.08.2021 को अपरान्ह 01.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगीं। कार्य हेतु निविदा फार्म जोनल स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से निर्धारित धनराशि जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। धरोहर राशि/जमानत राशि कोटक महेन्द्रा बैंक मथुरा खाता सं0 9846023433 आई.एफ.आई.सी. कोड KKBK0005299 में आर. टी.जी.एस. के माध्यम से जमा कर रसीद की कॉपी निविदा प्रपत्र में संलग्न करनी होगी।

कार्य का नाम

क्र0	कार्य का नाम	संख्या	आगणन धनराशि	निविदा मूल्य रूपया	जमानत की धनराशि	कार्य अवधि
1	दिनांक 29.08.2021 सें 01.09.2021 तक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व हेतु मोबाईल टॉयलेटों की सफाई हेतु 05 दिवस के लिये 150 सफाई श्रमिकों की आपूर्ति	150	रू0 349/– एवं 13 प्रतिशत ई.पी.एफ. तथा 3.25 प्रतिशत प्रति श्रमिक	1522/– + 18 प्रतिशत जीएसटी. रू0 275/– कुल 1797/–	30,500/–	05 दिवस

नियम व शर्तें:–

1. निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आयकर एवं व्यापार कर प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. प्रत्येक निविदादाता को रू0 100/– के स्टाम्प पर कार्य का नाम अंकित करते हुये नोटरी द्वारा सत्यापित शपथपत्र संलग्न करना होगा।
6. निविदा का पंजीकरण श्रम विभाग में होना अनिवार्य है।

निविदा का द्वितीय भागः–

7. प्रथम भाग में आवश्यक दस्तावेजों की अनुपस्थिति में ऐसे फर्मों/निविदादाताओं की निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
8. अपूर्ण एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

9. निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा–वृन्दावन में निहित होगा।

10. यह कि चयनित निविदादाता को निविदा की शर्तों पर निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। जिसका व्यय सम्बन्धित निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा।

11. यह कि निविदादाता द्वारा समय–समय पर नगर निगम/ शासन द्वारा निर्देशों एवं आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा तथा उनके आदेशानुसार कार्य करना होगा।

12. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा–वृन्दावन का निर्णय अन्तिम होगा। जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।

प्रतिलिपिः–

1. मा0 महापौर महोदय, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को सादर सूचनार्थ।
3. आई0टी0 एक्सपर्ट, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त निविदा को नगर निगम मथुरा–वृन्दावन की वेबसाईट पर प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।
4. यूनिकॉम ऐड ऐजेन्सी को इस अनुरोध के साथ कि, उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं दैनिक जागरण में प्रकाशित कराते हुये प्रकाशित अंक की दो प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

16/8/2021

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।